तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 4 जुलाई 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

12 आदेशिका वाहक छेदन लाल को दी गई भावभीनी...

12 पेंशनर्स एसोसिएशन की हुई मासिक बैठक





## खबर संक्षेप

### महिला को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** ग्राम बिटांगीपाली में एक महिला के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में बसना थाने में जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बिटांगीपाली की एक महिला ने रिपोर्ट लिखाई है कि 28 जून की रात 8 बजे शराब के नशे में आकर उसके देवर प्रमोद नाग ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी के विरूद्ध थाने में धारा 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मेडिकल स्टोर्स के कर्मचारी से मारपीट

**महासमुंद।** एसबीआई के सामने स्थित मेडिकल स्टोर्स में काम करने वाले एक कर्मचारी के साथ दवा खरीदने आए ग्राहक ने मारपीट कर दी। मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि लक्ष्मी मेडिकल हॉल में काम करने वाले वार्ड नं 10 इमलीभांठा निवासी अखिलेश गार्डिया के साथ एक जुलाई की रात 10.30 बजे दवा खरीदने आए दीपांश चंद्राकर ने दुकान के अंदर मारपीट कर दी।

### गरीबों के घर बुलडोजर पर जताया एतराज

# नकटी में कार्रवाई का विरोध कांग्रेस ने फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारी बारिश और वर्षाकाल के बीच रायपुर के ग्राम नकटी में 85 से अधिक गरीब परिवारों के घरों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें बेघर किए जाने के खिलाफ शुक्रवार को खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारकाधीश यादव और शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में स्थानीय नेहरू चौक पर प्रदेश की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया।

नेहरू चौक पर आयोजित इस उग्र प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन के दौरान उपस्थित जनसमुदाय और कांग्रेस पदाधिकारियों में शासन के इस कृत्य के प्रति गहरा गुस्सा साफ देखा गया। प्रदर्शन में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने एक सुर में पीड़ित परिवारों को तत्काल मुआवजा देने और उनके पुनर्वास की व्यवस्था करने की मांग की है।

### पुतला दहन के दौरान यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, जिला प्रभारी महामंत्री लक्ष्मण पटेल, जिला प्रभारी महामंत्री हरदेव ढिल्लो, शहर महामंत्री निर्मल जैन, ब्लॉक अध्यक्ष देवनाथ साहू, ब्लॉक अध्यक्ष खेमराज सिन्हा, मनोज कांत साहू, दाऊलाल चंद्राकर, गणेश शर्मा, सोमेश दवे, भरत ठाकुर, फिरोज मेमन, गिरीश पटेल, पार्षद मुस्ताक खान विक्की, दिव्येश चंद्राकर, जसबीर ढिल्लों, तुलसी साहू, ताम्रध्वज बघेल, संतोष पटेल, नितेंद्र बैनर्जी, राशि महिलांग, सोनम रामटेके, पार्षद गुलशन साहु, पार्षद जय देवांगन, टोमन सिंह कागजी, तबरेज खान, तरूण साहू, देवेश शर्मा, डॉ एजाज नकवी, गोपी तारक, अनीश राजवानी, भोलेनाथ गंधर्व, साहिल सरफराज, अशोक अग्रवाल, सहजान पाशा, राजेश सिन्हा, अनुराग चंद्राकर, आकाश निषाद, बिट्टू साहू, लोकेश मांझी, युवराज साहू, सुरेंद्र ठाकुर, भानु सोनी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आधी रात बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की जितनी निंदा हो कम: द्वारकाधीश

द्वारकाधीश यादव ने कहा कि इस कड़कड़ाती बारिश और वर्षाकाल के समय गरीबों के आशियाने उजाड़ना भाजपा सरकार की अमानवीयता और संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। नकटी गांव



के असहाय परिवारों के साथ आधी रात को जो बर्बरतापूर्ण और दमनकारी कार्रवाई की गई है, उसकी जितने कड़े शब्दों में निंदा की जाए, वह कम है। एक तरफ सरकार कल्याणकारी होने का ढोंग करती है, वहीं दूसरी तरफ इस भीषण मौसम में मासूम बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सड़कों पर रहने के लिए मजबूर कर रही है। कांग्रेस पार्टी इस तानाशाही को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी और पीड़ितों को न्याय मिलने तक सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेगी।

# नियमित कर्मचारी का दर्जा देने की मांग कोटवार एसोसिएशन ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की महासमुंद तहसील इकाई ने शुक्रवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन एसडीएम को जिला कलेक्टर एवं तहसीलदार के माध्यम से सौंपा गया।

संघ के अध्यक्ष उदयराम मोंगरे ने कहा कि कोटवार वर्षों से शासन-प्रशासन और ग्रामीण व्यवस्था की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा, सम्मानजनक वेतन, पेंशन और ग्रेच्युटी जैसी सुविधाएं नहीं मिल सकी हैं। ज्ञापन में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कोटवारों के नियमितीकरण एवं राजस्व विभाग में संविलियन की मांग की गई है। इसके अलावा सेवा भूमि के आधार पर 8 हजार से 15 हजार रुपये तक मासिक



वेतन निर्धारित करने, नियुक्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, सेवानिवृत्त कोटवारों के पात्र परिजनों को प्राथमिकता देने, बेगार प्रथा समाप्त करने तथा नगर पालिका क्षेत्रों में कोटवारों की नियुक्ति पर लगी रोक हटाने की मांग भी की गई है। कोटवार संघ ने सरकार से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर आवश्यक शासनादेश जारी करने की अपील की है।

# गांजा का अवैध परिवहन, दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिला पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 62.160 किलोग्राम गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी ओडिशा के भवानीपटना से मध्यप्रदेश के इंदौर गांजा ले जा रहे थे। पुलिस ने करीब 36.13 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है।



पुलिस के अनुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स एवं थाना-चौकी पुलिस द्वारा लगातार बॉर्डर चेक पोस्ट पर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान थाना कोमाखान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार (एमपी-13-जेडडब्ल्यू-9964) में दो व्यक्ति ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर गांजा लेकर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर ग्राम गोयनाबाहरा के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने कार को रोककर तलाशी ली। जांच में कार के भीतर बनाए गए दो गुप्त चैंबर से 62.160 किलोग्राम गांजा कीमत 31,08,000 रुपए को बरामद किया गया। इसके अलावा कार व मोबाइल भी जब्त किए गए हैं। पुलिस को चकमा देने के लिए तस्करों ने विशेष रूप से इन गुप्त चैंबरों में गांजा छिपाया था। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सुरेश मालवीय (30 वर्ष), निवासी देवली पीपलोन, जिला आगर-मालवा (मध्यप्रदेश) तथा एल्कार सेन (30 वर्ष), निवासी मारूबल्डिया, थाना बड़ोद, जिला आगर-मालवा (मध्यप्रदेश) बताया। दोनों ने स्वीकार किया कि वे गांजा की खेप भवानीपटना (ओडिशा) से लेकर इंदौर (मध्यप्रदेश) जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना कोमाखान में धारा 20(बी) (ii)(सी) एवं 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।



खबर संक्षेप

## तेज रफ्तार ट्रक ने अधेड़ को चपेट में लिया, मौत

**महासमुंद।** बसना के गौरव पथ स्थित बस स्टैंड में बुधवार रात पदमपुर मार्ग से रायपुर की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे पैदल जा रहे एक व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया। मृतक की पहचान ग्राम कलंगापाली, थाना घासलेट, जिला बरगढ़ ओडिशा निवासी गणेशु पटेल (55) के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार गणेशु पटेल पहले ओडिशा के एक मुर्गी फार्म में मजदूरी करता था। वह सोमवार को रोजगार की तलाश में अपने गांव से बसना आया था। बुधवार शाम वह खेमड़ा स्थित एक मुर्गी फार्म में काम की उम्मीद लेकर पहुंचा, लेकिन वहां रोजगार नहीं मिलने पर वापस बस स्टैंड लौट आया। रात में भोजन करने के बाद वह सड़क किनारे पैदल कहीं ठहरने के लिए जा रहा था। इसी दौरान रात करीब 9:15 बजे पदमपुर रोड से रायपुर की ओर जा रहे ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीजे 5371 ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद मृतक कुछ दूरी तक ट्रक के साथ घिसटता चला गया, जिससे उसका शरीर दो हिस्सों में बंट गया। गंभीर चोटों के कारण उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीजे 5371 को जब्त कर लिया है। चालक के विरुद्ध लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना करने का मामला दर्ज किया गया है।

## दंतैल हाथी से सतर्क रहने की अपील

**महासमुंद।** वन विभाग द्वारा हाथी की उपस्थिति को लेकर कई गांवों के लिए अलर्ट जारी किया है। विभाग ने जानकारी दी है कि एक दंतैल हाथी चंपई माता मांदिर से होते हुए कक्ष क्रमांक 63, 62, 64 के जंगल में विचरण कर रहा है। जिसका वर्तमान लोकेशन कक्ष 64, 62, 61 438 बताया गया है। इसके चलते ग्राम मोहदी, अरंड. बेलर. गौरखेडा. दलदली, उमरदा, मुड़मार, पतेरापाली, सिरगिड़ी, झालखम्हरिया, सोरिद, चोरभट्ठी, बनसिवनी, लोहारडीह, परसापानी के आसपास के ग्रामीण को हाईअलर्ट किया गया है। वहीं अलर्ट ग्राम में बोरियाझर, केशवा, खट्टी, कोना, बकमा, जीवतरा, धनसुली हैं।

# एकता और विकास के संकल्प के साथ मानिकपुरी पनका समाज की प्रखंड की नई टीम गठित

## गजानंद दास बने अध्यक्ष, समाज को संगठित कर सद्गुरु कबीर साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

बसना विकासखंड के ग्राम गदहाभांठा में पूज्य मानिकपुरी पनका समाज प्रखंड बसना की महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में संगठन को मजबूत, सक्रिय एवं समाज हित में समर्पित होकर काम करने का संकल्प लिया गया।

बैठक का शुभारंभ सद्गुरु कबीर साहेब के तैल चित्र पर माल्यार्पण पूजा-अर्चना एवं मंगल आरती के साथ हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व समाज के जिला अध्यक्ष सेवकदास दीवान, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मलिनदास मानिकपुरी, पूर्व सचिव आनंद दास तथा पूर्व सभापति शौकीदास ने किया। इस अवसर पर समाज की रीति-नीति, बेहतर प्रबंधन, संगठनात्मक मजबूती तथा सामाजिक विकास के विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित 8 परिक्षेत्र के प्रतिनिधियों एवं समाजजनों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चयन किया गया। सर्वसम्मति से गजानंद दास मानिकपुरी बरपेलाडीह को प्रखंड अध्यक्ष, गोरेलाल लोहड़ीपुर और टीकमदास गदहाभांठा को उपाध्यक्ष, विजय दास आमाभौना को सचिव, ब्रजबिहारी कुरचुंडी को कोषाध्यक्ष तथा शौकीदास बड़े डाभा को सभापति, संरक्षक जगदीश दास गदहाभांठा, बहादुर दास डुमरपाली और कृष्णकुमार दास



सराईपाली को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का समाजजनों ने पुष्पमालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सेवकदास दीवान ने कहा कि मानिकपुरी पनका समाज सभी सदस्यों को साथ लेकर आपसी सम्मान, समन्वय और सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ेगा। सद्गुरु कबीर साहेब के आदर्शों, मानवता, समानता और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संगठन निरंतर कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में प्रखंड के सभी परिक्षेत्रों में पदाधिकारियों का गठन कर समाज के संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए समाजहित में निष्ठापूर्वक कार्य करने का आह्वान किया। नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष गजानंद दास मानिकपुरी ने समाज के वरिष्ठजनों एवं सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसका पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति के सुख-दुःख में सहभागी बनना उनकी प्राथमिकता होगी तथा सभी के सहयोग से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान पदुमदास, महेश दास, गुणसागर, संजय दास, प्रकाश दास, घसिया दास, डिगंबर दास, धर्मेंद्र, बलराम, महादेव, संतकुमार, देवालदास, संतोष, सहनीदास, वृंदादास, प्रेमदास, कुममतदास, मेमलाल, गुरविंद, मनोहर, दयादास, नोहर दास, कयादास, भगतराम, दरशराम, गौरीशंकर, देशराज दास सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजनों की उपस्थिति रही।

# मुखर्जी के विचार आज भी राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरक : राजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद





**डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर भाजपा का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन**

भारतीय जनता पार्टी जिला महासमुंद द्वारा भारत के महान राष्ट्रवादी चिंतक, प्रखर शिक्षाविद् एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर जिला भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से आए प्रदेश, जिला एवं मंडल पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजेंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान, उनके त्याग, राष्ट्रवाद के प्रति अटूट समर्पण तथा अखंड भारत के संकल्प पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि 125वीं जयंती केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि उनके विचारों, आदर्शों एवं राष्ट्रसेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से डॉ. मुखर्जी के विचारों को आत्मसात कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा, समर्पण और संगठन की भावना के साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि कार्यकर्ता ही भारतीय जनता पार्टी की वास्तविक शक्ति हैं। मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचार आज भी प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। संगठन प्रशिक्षण, संवाद एवं वैचारिक मंथन के माध्यम से कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व एवं संगठनात्मक क्षमता का सतत विकास कर रहा है, जिससे भाजपा निरंतर जनविश्वास अर्जित कर रही है। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व सांसद एवं मोर्चा-प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक चुन्नीलाल साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, पूर्व विधायक परेश बागबाहरा, वरिष्ठ भाजपा नेता मोती साहू, जिला महामंत्री थानसिंह दीवान एवं जिला महामंत्री जितेंद्र त्रिपाठी उपस्थित रहे। सम्मेलन में प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा जिले के अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री थानसिंह दीवान एवं आभार जिला महामंत्री जितेंद्र त्रिपाठी ने किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी नवीन कुमार साव एवं सह मीडिया प्रभारी आनंद साहू ने दी है।

## बेलसोंडा भूमि विवाद: जनपद उपाध्यक्ष हुलसी ने जमीन कब्जे के आरोपों को बताया निराधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- **जमीन कब्जा का आरोप वास्तविक तथ्य से अलग, छवि हो रही धूमिल**

बेलसोंडा में शासकीय भूमि पर कथित कब्जे को लेकर लगाए गए आरोपों पर जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने आरोपों को निराधार बताया कि पूर्व सरपंच भामिनी चंद्राकर द्वारा उन पर लगाए गए जमीन कब्जा का आरोप वास्तविक तथ्य से अलग है। चंद्राकर के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग से लगी करोड़ों रुपए मूल्य की शासकीय भूमि पर पूर्व में भामिनी चंद्राकर एवं उनके पति पोखन चंद्राकर द्वारा अतिक्रमण किया गया था। पंचायत और राजस्व विभाग ने विधिसम्मत प्रक्रिया अपनाते हुए 11 फरवरी 2026 को उक्त शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया।



उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटने के बाद पंचायत ने शासकीय भूमि की सुरक्षा के उद्देश्य से पंचायत मद से लाखों रुपए की लागत से 12 से 17 फरवरी 2026 के बीच पत्थर की बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया, जो नियमानुसार पूर्ण किया गया। बाउंड्री निर्माण कार्य जारी बताकर उच्च न्यायालय को भ्रमित करते हुए स्थगन आदेश लिया।

हुलसी चंद्राकर ने बताया कि संबंधित पक्ष ने 20 फरवरी 2026 को उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय से जारी स्थगन आदेश की प्रति पंचायत को 28 फरवरी 2026 को प्राप्त हुई। तब तक बाउंड्रीवाल का निर्माण पूरा हो चुका था, जिसके बाद यथास्थिति बनाए रखी गई। उन्होंने आगे कहा कि संबंधित पक्ष को 29 जून 2026 को न्यायालय में त्रुटि सुधार के लिए तिथि मिली थी, लेकिन उससे एक दिन पहले 28 जून 2026 को कथित रूप से उच्च न्यायालय के आदेश और स्थानीय न्यायालय की प्रक्रिया की अवहेलना करते हुए पंचायत द्वारा निर्मित लाखों रुपये की पत्थर की बाउंड्रीवाल को ध्वस्त कर दिया गया। चंद्राकर का कहना है कि ऐसे आरोपों से उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

# इवास वुडलैंड स्कूल ने मनाई सिल्वर जुबली 25 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

अर्पित शिक्षा समिति द्वारा संचालित इवास वुडलैंड हायर सेकेंडरी स्कूल ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सिल्वर जुबली (रजत जयंती) समारोह का आयोजन किया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, गरिमा और भावनात्मक माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षाविदों, पूर्व विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा नगर के नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। समारोह में मुख्य



अतिथि के रूप में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, विशिष्ट अतिथि विधायक चातुरी नंद, अतिविशिष्ट अतिथि एसडीओपी ललिता मेहर, बीईओ टीकमचंद पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मीलू पटेल, पार्षद सविता जायसवाल, युवराज गोस्वामी, हेमंत प्रधान, सीएल पुहुप, संतलाल बारीक, विपिन उबोवेजा, संजय शर्मा, दीपांजली बारीक, कमल किशोर अग्रवाल, तेजराम पटेल, पूर्व शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में पूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


# मिशन कर्मयोगी पोर्टल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन : शिक्षक विवेकानंद ने विभागीय रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर बढ़ाया जिले का गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की क्षमता संवर्धन के लिए संचालित भारत सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन कर्मयोगी पोर्टल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शासकीय प्राथमिक शाला धुमाभांठा में पदस्थ सहायक शिक्षक विवेकानंद दास ने जून 2026 माह की विभागीय में 445 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से शिक्षा विभाग एवं जिले में हर्ष का वातावरण है।

विवेकानंद दास ने ऑनलाइन प्रशिक्षण के माध्यम से अब तक 88 प्रशिक्षण प्रमाणपत्र अर्जित किए हैं तथा 77 घंटे 36 मिनट का अध्ययन एवं प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। इसके अतिरिक्त वे नियमित रूप से साप्ताहिक प्रशिक्षण गतिविधियों में भाग लेकर अपने ज्ञान एवं कौशल का निरंतर विकास कर रहे हैं। उनकी सीखने की ललक, अनुशासन एवं कार्य के प्रति





समर्पण ने उन्हें विभाग में सर्वोच्च स्थान दिलाया है।

मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य शासकीय सेवकों को नवीन तकनीकों, प्रभावी प्रशासन, नेतृत्व क्षमता तथा सेवा प्रदायगी से संबंधित आधुनिक ज्ञान एवं कौशल से सशक्त बनाना है। विवेकानंद दास ने इस उद्देश्य को आत्मसात करते हुए नियमित अध्ययन एवं प्रशिक्षण के माध्यम से उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है, जो अन्य शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

उनकी इस सफलता पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों, सहकर्मी शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि विवेकानंद दास भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभाग एवं जिले का नाम रोशन करते रहेंगे तथा अन्य शिक्षकों को भी निरंतर सीखने और स्वयं को अद्यतन रखने के लिए प्रेरित करेंगे। यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि शिक्षा विभाग में गुणवत्तापूर्ण कार्य संस्कृति, सतत प्रशिक्षण एवं आत्मविकास की भावना को भी सुदृढ़ करने वाली प्रेरणादायक मिसाल है।

# निगम आयुक्त ने राजस्व अमले को प्रतिदिन 1 करोड़ 62 लाख राजस्व वसूली का दिया टारगेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**77 दिन तक के लिए बनाया प्लान**



*सफाई कर्मचारियों का वेतन भुगतान नियमित -निर्धारित समय में करने के निर्देश*

नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने गुरुवार को निगम मुख्यालय के सामान्य सभागार कक्ष में साप्ताहिक टीएल बैठक ली। इस मौके पर श्री मिश्रा ने नगर निगम रायपुर के राजस्व अमले को अगले 77 दिनों तक प्रतिदिन 1 करोड़ 62 लाख रुपए राजस्व वसूली करने टारगेट दिया है। दस जोन के जोन कमिश्नरों, जोन सहायक राजस्व अधिकारी व कर्मचारियों को राजस्व वसूली के लिए लक्ष्य के अनुसार राजस्व वसूली प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने अवैध प्लाटिंग के सभी प्रकरणों में नियम अनुसार प्रक्रिया के तहत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की हिदायत दी। साप्ताहिक समय सीमा बैठक के दौरान निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने सीएम हेल्प लाइन नंबर 1076 पर प्राप्त नगर निगम रायपुर से संबंधित सभी आवेदनों के त्वरित निदान सुनिश्चित करने की हिदायत दी है। इसके साथ ही सफाई कामगारों को वेतन भुगतान नियमित व निर्धारित समय पर किए जाने के निर्देश जोन कमिश्नरों को दिए। बैठक में अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू, पंकज शर्मा, कृष्णा खटिक, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, इमरान खान, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, दस जोन के जोन कमिश्नर, उपायुक्त, कार्यपालन अभियंता, सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## छग प्रदेश शौण्डिक समाज ने किया पौधारोपण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज द्वारा नया राजधानी स्थित श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण का कार्य किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के फलदार पौधों का रोपण किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज के सदस्यों, पदाधिकारियों और हॉस्पिटल परिवार ने मिलकर पौधे लगाए और पर्यावरण को बेहतर बनाने की दिशा में योगदान दिया। इस अवसर पर दो बच्चों एवं उनके माता-पिता को जीवन का उपहार प्रमाण पत्र छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता के हाथों दिलवाया गया। कार्यक्रम में श्याम किशोर गुप्ता, सुभाष साहू, नंदकिशोर चौधरी, चंदन साव, जयराम साव, राजेश पंजियार, धर्मवीर, कमला गुप्ता, सीमा गुप्ता, रेखा



देवी, आयुष गुप्ता एवं अस्पताल के सभी सेवादार पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## माइक्रो मिनी बस को रेलवे स्टेशन और बस टर्मिनल के पास अच्छा रिस्पांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में आम जनता को सुगम आवागमन की सुविधा दिलाने शुरू की गई 17 से 20 सीटर माइक्रो बस सेवा को यात्रियों का अच्छा रिस्पांस मिलने लगा है। रेलवे स्टेशन से भाठागांव के नए बस टर्मिनल तक यात्रियों से 24 रुपए बस किराया लिए जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है।

लोगों का कहना है, इतनी ही दूरी तय करने आटो रिक्शा वाले उनसे दो से ढाई गुना ज्यादा किराया चार्ज करते हैं। यात्रियों ने यह भी सुझाव दिया है, आम जनता की सुविधा के लिए बस किराए का रेट लिस्ट यदि बाहर लिखवा दिया जाए, तो इससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक के किराए की जानकारी सहज ही मिल सकेगी। वर्तमान में शहर के दो रूटों पर 8 वातानुकूलित मिनी बसें चलाई जा रही हैं। गुरुवार को माइक्रो मिनी बस सेवा के 20 दिन पूरे हुए। शहर की जनता को किफायती दर सुगम आवागमन की सुविधा देने पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से क्लाईमेट थिंक टैक काउंसिल ऑफ ऐनजी एन्वायरमेंट एंड वाटर संस्था ने शहर के दो रूटों पर चार-चार मिनी बस की सेवा



आम जनता के लिए शुरू की है। हमर संगवारी के नाम से शुरू किए गए इस पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत इन बसों करीब दस मिनट के अंतराल में चलाया जा रहा है। इसमें से 4 माइक्रो मिनी बसें रेलवे स्टेशन से पचपेड़ी नाका होते हुए भाठागांग स्थित बस टर्मिनल तक यात्रियों को पहुंचाती हैं।

सूत्रों के मुताबिक रेलवे स्टेशन, पचपेड़ी नाका चौक और बस टर्मिनल के पास सफर के लिए ज्यादा यात्री रुचि ले रहे हैं। मध्य वर्गीय व निम्न आय वर्ग वालों को ध्यान में रखते हुए 4 किलोमीटर दूरी का बस किराया 13 रुपए निर्धारित है, 4 किलोमीटर से 8 किलोमीटर की दूरी होने पर 19 रुपए और 8 से 12 किलोमीटर बस की सवारी पर प्रति यात्री 24 रुपए बस किराए की राशि तय है। यात्रियों को मिनी बस में ही परिचालक द्वारा ईवीएम मशीन से टिकिट काटकर दी जा रही है।

# नगरीय निकाय कर्मचारियों की प्रस्तावित हड़ताल स्थगित



**महासमुंद। पू**रे प्रदेशभर के नगरीय निकाय कर्मचारी आगामी 13 जुलाई से अपने लंबित प्रमुख 5 सूत्रीय मांगों को लेकर नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी नगरीय निकाय कल्याण संघ के बैनर तले अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले थे। नगरीय प्रशासन सचिव आर संगीता से संघ के प्रदेश नेतृत्व कर्मचारी नेताओं का प्रमुख मांगों को लेकर वार्ता उपरांत हड़ताल स्थगित कर दिया गया है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोनी ने बताया कि वार्ता एकदम सकारात्मक पूर्ण रहा है। सचिव ने सभी 5 प्रमुख मांगों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए बिंदुवार चर्चा उपरांत दो मांगे जिसमें प्रत्येक माह को समय पर वेतन भुगतान और एनपीएस, जीपीएफ की काटी गई राशियों को कर्मचारियों के खाते में जमा करने सहित नियमित और प्लेसमेंट कर्मचारियों के 3-4 महीने से लंबित वेतन का भुगतान तत्काल कराने के बात पर सहमति बनी है। बाकि की मांगे नए सेटअप तैयार कर पदोन्नति, पुराना पेंशन योजना लागू करने, सातवें वेतनमान के एरियर्स की राशि भुगतान करने और लंबित अनुकंपा नियुक्ति जैसे विषय पर अविलंब निराकरण का आश्वासन दिया है। उन्होंने तीन महीने के समयावधि में नीतिगत आधार पर निराकरण कराने जिसका सकारात्मक परिणाम कर्मचारियों को देखने को मिलने की बात कही है। प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी ने मीडिया को बताया कि संचालक से चर्चा उपरान्त जानकारी प्राप्त हुआ है कि बाकी के मांगों पर फाइलें संचनालय स्तर पर तेज गति से चल रहा है, जिसका सकारात्मक परिणाम आने वाले समय पर कर्मचारियों को देखने को मिलेगा। सचिव से दो मांगों पर सहमति और बाकि पर अविलंब निराकरण के आश्वासन आधार पर ही हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय कोर कमिटी द्वारा लिया गया है। मांगों पर तीन माह के समय अवधि पर अगर सकारात्मक परिणाम देखने को नहीं मिला तो आगे की रणनीति बनाई जाएगी। नगरी निकाय सचिव से वार्ता के लिए मुलाकात करने वाले कर्मचारियों के प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, महिला उपाध्यक्ष शिल्पा मेश्राम, सह कोषाध्यक्ष माहितोष शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुभाष सोनकर शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### रोड नाली, बिजली की स्थिति बद से बदतर



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं मीडिया पैनल के सदस्य संजय यादव ने रोड, नाली, बिजली की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि पहली बारिश में ही रोड नाली और बिजली विभाग की कलई खुल जाती है। गर्मी के दिनों में मेंटेनेंस के नाम पर बिजली विभाग घंटों बिजली की सप्लाई बंद कर जनता को परेशान करता है, विभाग से पूछे जाने पर हर बार की तरह मेंटेनेंस की बात ही कही जाती है।

### सेवा सेतु पोर्टल पर कोई आवेदन लंबित नहीं

**महासमुंद।** जिले में नए राशन कार्डों की प्रक्रिया के संबंध में अपर कलेक्टर ने बताया है कि सेवा सेतु पोर्टल पर राशन कार्ड से संबंधित सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध हैं तथा वर्तमान में महासमुंद जिले में इस पोर्टल पर कोई भी आवेदन लंबित नहीं है। उन्होंने बताया कि अंत्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित (एकल), निःशक्तजन एवं सामान्य राशन कार्डों में सदस्य जोड़ने तथा सदस्य विलोपन के लिए सेवा सेतु पोर्टल पर नवीन सेवा का विकल्प उपलब्ध कराया गया है।

### तीन बीज विक्रेताओं का विभाग ने दिया कारण बताओ नोटिस

**महासमुंद।** किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित उन्नत बीज उपलब्ध कराने कृषि विभाग द्वारा जिले में लगातार निगरानी की जा रही है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में खरीफ सीजन 2026 के लिए गुरुवार को उप संचालक कृषि एफआर कश्यप के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने ग्राम लभराखुर्द स्थित मेसर्स प्रांकुर बीज उत्पादक कल्याण समिति, मेसर्स गंगा सीड्स एवं मेसर्स अन्ना सीड्स का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित बीज विक्रेताओं के यहां निर्धारित मानकों के अनुरूप अनियमितताएं पाई गईं। इस पर कृषि विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### ओवररेटिंग मामले में दो सेल्समैन के विरुद्ध प्रकरण दर्ज

**रायपुर।** ओवर रेट पर शराब बिक्री के मामले में आबकारी विभाग लगातार कार्रवाई कर रही है। इस क्रम में आबकारी आयुक्त पीएस अलमा के निर्देश पर दुर्ग संभागीय उड़नदस्ता ने राजनांदगांव में ओवररेटिंग करते दो सेल्समैन के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। इन प्रकरणों में रेवाडीह दुकान में विक्रेता हरीश साहू ने एक क्रेता से 20 पाव सुप्रीमो व्हिस्की की खरीदी करने पर उससे निर्धारित मूल्य से 100 रुपए अधिक लिया।

## चर्चा: कलेक्टर ने ली महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

# विभागीय योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन करें सुनिश्चितः कलेक्टर लंगेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में गुरुवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास टिकवेंद्र जाटवर, जिले के सभी परियोजना अधिकारी तथा सेक्टर सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए विभागीय योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समय पर पहुंचे तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पूरक पोषण आहार (टीएचआर) का नियमिती वितरण, पात्र हितग्राहियों को गर्म भोजन उपलब्ध कराने तथा सभी वितरण व्यवस्थाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण वाटिकाओं के विकास, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गंभीर कुपोषित बच्चों के समुचित उपचार के लिए पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने तथा एनआरसी में शत-प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही पात्र बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें उपचार के लिए एनआरसी भेजने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं महतारी वंदन योजना के तहत सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी पात्र हितग्राही का नाम छूटना नहीं चाहिए। समीक्षा के दौरान कम प्रगति वाले दो सेक्टर पर्यवेक्षकों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित मॉनिटरिंग तथा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें।

## ब्लॉक स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल क्रीड़ा स्पर्धा का हुआ शुभारंभ



**महासमुंद।** स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नयापारा में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्था की प्राचार्य अमी रूफस द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया गया। इस अवसर पर महासमुंद के खेलप्रेमी एवं वरिष्ठजन भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में कुल 60 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें बृजराज पाठशाला महासमुंद की अंडर-15 वर्ष बालक वर्ग की एक टीम, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) नयापारा की अंडर-15 एवं अंडर-17 वर्ष की दो टीमें तथा गुड शेफर्ड स्कूल महासमुंद की अंडर-17 वर्ष की एक टीम ने सहभागिता की। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में अंडर-15 वर्ष बालक वर्ग में बृजराज पाठशाला महासमुंद एवं सेजेस नयापारा के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें सेजेस नयापारा महासमुंद ने 3-0 से विजय प्राप्त की। दूसरे मुकाबले में अंडर-17 वर्ष बालक वर्ग में गुड शेफर्ड एवं सेजेस नयापारा आमने-सामने हुए, जिसमें गुड शेफर्ड महासमुंद ने 1-0 से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के आधार पर जिला स्तरीय अंडर-17 सुब्रतो फुटबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए सेजेस नयापारा एवं गुड शेफर्ड की टीमों का चयन किया गया। यह प्रतियोगिता 2 जुलाई 2026 को पिथौरा में आयोजित होगी, जिसमें दोनों टीमें महासमुंद ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतियोगिता का संचालन एवं आयोजन व्यायाम शिक्षकों डॉ. सुशील भोई, डॉ.सेवन दास मानिकपुरी, हिरेंद्र साहू, अंजनी साहू, इंद्राणी भास्कर, रामेश्वरी दीवान, कामता प्रसाद साहू, रेखराम साहू, तृषा शर्मा, सोनिया बांधे तथा फुटबॉल रेफरी युग डोंगरे के मार्गदर्शन में हुआ। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी हरीश पांडेय व्याख्याता ने दी है।

## सहकारिता मंत्रालय के स्थापना दिवस पर कृषक सेवा सहकारी समिति झलप में हुआ पौधरोपण



**झलप।** भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पाँच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कृषक सेवा सहकारी समिति झलप परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, हरित वातावरण का निर्माण करना तथा आमजन को वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा, कृषक सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष सागर साहू, झलप पंचायत के उपसरपंच किशन कोसरिया, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष कुलजीत सलूजा, सुनील अग्रवाल, भाजयुमो के जिला सहकोषाध्यक्ष राजा अग्रवाल, सतीश मारकंडे, विजय कोसले, भानू साहू, भगवती ध्रुव, राजकुमार प्रधान सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी आवश्यक है।

## सघन कुष्ठ रोग खोज अभियान जारी रहेगा 15 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 15 जून से 15 जुलाई 2026 तक सघन कुष्ठ रोग खोज अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कुष्ठ रोग से जुड़े कलंक और भेदभाव मिटाना और नए कुष्ठ मरीजों का प्रारंभिक चरण में पहचान करना है।इसी तारतम्य में सीएमएचओ डॉ आई नागेश्वर राव, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ वीपी सिंह, बीएमओ बागबाहरा डॉ बीएस बढ़ई, बीपीएम हेमकुमार सोनकर के मार्गदर्शन में ब्लॉक बागबाहरा में यह अभियान चलाया जा रहा है। ब्लॉक कुष्ठ नोडल एम चौधरी ने कुष्ठ रोग की जानकारी देते हुए बताया कि कुष्ठ रोग पूर्व जन्म का पाप, देवी प्रकोप या बुरे कर्मों का फल नहीं है, बल्कि जीवाणु से होने वाला एक साधारण रोग है। यह रोग त्वचा एवं तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है तथा उपचार से पूर्णतया ठीक हो जाता है जैसे अन्य बीमारियां ठीक हो जाती हैं। यदि इस रोग का उपचार शीघ्र प्रथम लक्षण दिखते ही शुरू कर दिया जावे तो अक्षमता और विकृति से भी बचाव हो सकता है। उपचार शुरू होते ही प्रभावित व्यक्ति अन्य स्वस्थ व्यक्तियों में बीमारी नहीं फैला सकता। कुष्ठ रोग की दवा बहुऔषधि उपचार (एमडीटी) सभी सरकारी अस्पताल एवं उप-स्वास्थ्य केंद्र में मुफ्त मिलती है।कुष्ठ रोग का संदेह कब करें? इस विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए कोमाखान सेक्टर कुष्ठ नोडल डिगेंद्र परमार ने बताया कि जब त्वचा पर, त्वचा के रंग से हल्के-फीके, बदरंग लालिमा लिए हुए दाग हों। इन दागों में सुन्नपन हों। इन दागों में खुजली नहीं होती। चेहरे पर तामिया-तेलिया चमक एवं छोटी-छोटी गठाने हों। हाथ-पैर में लगातार झुनझुनी या सुन्नपन हो। हाथ-पैर में कोई विकृति हो। त्वचा पर दूधिया सफेद दाग कुष्ठ रोग नहीं है। कुष्ठ रोग आती-जाती रहने वाली बीमारी नहीं है। कुष्ठ रोग की शंका होने पर शंकास्पद व्यक्ति को तुरंत पास के अस्पताल में जांच कराने के लिए भेजें। कुष्ठ रोग खोज अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीम घर घर भ्रमण कर सभी व्यक्तियों का जांच कर रही है और शंकास्पद मरीजों का सत्यापन सेक्टर कुष्ठ नोडल द्वारा किया जा रहा है।

## बुलडोज़र चलाकर सत्ता का अहंकार दिखा रही है सरकार : हेमलता

### हेमलता ने नकटी गांव में चल रही कार्रवाई को लेकर भाजपा सरकार पर बोला तीखा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



नगर पंचायत पिथौरा की पार्षद एवं महिला कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हेमलता सागर निषाद ने रायपुर के नकटी गांव में चल रही कार्रवाई को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गरीबों के सिर से छत छीनकर सत्ता का अहंकार दिखा रही है। उनका दावा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने कई आवासों को भी कार्रवाई के दौरान नहीं बख्शा गया।

हेमलता सागर निषाद ने जारी बयान में कहा कि एक ओर सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीबों को पक्का घर उपलब्ध कराने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर उन्हीं परिवारों के आवासों पर बुलडोज़र चलाया जा रहा है। उन्होंने इसे सरकार की नीतियों का विरोधाभास बताते हुए गरीबों के साथ अन्याय करार दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि कानून का पालन कराया जा रहा है तो उसकी कार्रवाई केवल गरीब और कमजोर परिवारों तक ही सीमित क्यों दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि सरकार को संवेदनशीलता के साथ प्रभावित परिवारों की समस्याओं को सुनना चाहिए। मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए हेमलता सागर निषाद ने कहा कि सुशासन का दावा करने वाली सरकार को पहले नकटी गांव के प्रभावित परिवारों की पीड़ा समझनी चाहिए। उनका कहना था कि गरीबों के आशियाने उजाड़कर विकास का दावा करना जनभावनाओं के विपरीत है। उन्होंने कहा कि यदि विधायकों के लिए नए आवास बनाना सरकार की प्राथमिकता है, तो नया रायपुर सहित अन्य वैकल्पिक स्थान उपलब्ध हैं। गरीबों को विस्थापित कर सरकारी भवनों का निर्माण करना उचित नहीं है। हेमलता सागर निषाद ने मांग की कि नकटी गांव के प्रभावित परिवारों के साथ तत्काल संवाद स्थापित किया जाए, उन्हें न्यायपूर्ण प्रक्रिया का अवसर दिया जाए तथा पुनर्वास और वैकल्पिक आवास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गरीबों के सम्मान, उनके आवास और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी।

## अब पार्किंग एरिया में लग रही निःशुल्क योग क्लास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला महिला पतंजलि समिति द्वारा स्थानीय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी गार्डन में संचालित की जा रही नियमित एवं निःशुल्क योग कक्षा के स्थान में मौसम के मिजाज को देखते हुए बदलाव किया गया है। महिला पतंजलि समिति की जिला महामंत्री पूनम पटले ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार भारी बारिश के कारण पूर्व निर्धारित गार्डन में अत्यधिक पानी भर गया है। योग साधकों को अभ्यास में कोई असुविधा न हो और उनकी सेहत का सफर न रुके, इसलिए समिति ने तुरंत निर्णय लेकर कक्षा को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सांस्कृतिक भवन के सामने बनी नई बिल्डिंग के पार्किंग एरिया में शिफ्ट कर दिया है। इस नए और सुरक्षित स्थान पर सुबह से योग कक्षा का विधिवत शुभारंभ भी किया गया है। यह योग कक्षा पूरी तरह निःशुल्क है और प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 6:30 बजे तक संचालित होगी। समिति ने समस्त कॉलोनीवासियों और योग साधकों से अपील की है कि वे नए सुरक्षित स्थान पर समय पर उपस्थित होकर नियमित योगाभ्यास का पूरा लाभ उठाएं।



### सशिमं पटेवा में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** सरस्वती शिशु मंदिर पटेवा में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के संयोजक नेकेश देवांगन, सदस्य गुरूवंत लाल गजेंद्र, पालक रमाकांत अग्रवाल, राधे चरण भोई एवं प्रधानाचार्य मायाराम ध्रुव, तिलकचंद साहू, कौशल्या गिरी, उर्वशी साहू, रेवती यादव, अमृता सेन, मीना चक्रधारी, नर्मदा यादव, गुंजा गजेंद्र, भारती सिन्हा, पुष्पा नायक आदि उपस्थित रहे। नवप्रवेशित छात्रों को चंदन टीका लगाकर पुस्तक वितरण किया गया।

## डूमरपाली में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप



ग्राम डूमरपाली में मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की मद से वार्ड क्रमांक 4 स्थित नीम चौक से वार्ड क्रमांक 8 मंदिर चौक तक प्रस्तावित 5 लाख रुपए की सीसी रोड का भूमिपूजन हुआ।

भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद सभापति बलविंदर सीटू सलूजा, विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा, सरपंच यमुना ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष कुलजीत सलूजा, उपसरपंच झलप किशन कोसरिया, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष अतुल गुप्ता, जिला सहकोषाध्यक्ष (भाजयुमो) राजा अग्रवाल, उपसरपंच देवानंद नायक, हाईस्कूल अध्यक्ष द्वारिका सेन, रोजगार सहायक भवन यदुवंशी, पुनाराम ध्रुव, जीतराम पटेल, रतिराम खड़िया, रैन सिंह ध्रुव, पवन खड़िया, झूमुक बघेल, सोनिया ध्रुव, सोहोगी ध्रुव, सीमा सेन, धनेश्वरी बघेल, महाराज यादव, मणि पांडे सहित ग्राम के अनेक नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सीसी रोड निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा गांव के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी।

## कुष्ठ रोग का समय पर इलाज से जी रहे सामान्य जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव के मार्गदर्शन में जिले में संचालित राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मरीजों को समय पर उपचार और पुनर्वास की सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रहा हैं। इसी का परिणाम है कि अब मरीज विकलांगता से भी मुक्त होकर सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं। विकासखंड बागबाहरा के एक उपचारित व्यक्ति पहले बाईं आंख में लैगोफ्थाल्मोस (पलक बंद न होना) तथा दाएं हाथ में ग्रेड-2 विकृति से पीड़ित थे। सामाजिक संकोच और भय के कारण उन्होंने लंबे समय तक जांच नहीं कराई। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. वीपी सिंह एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू धृतलहरे के समन्वय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा की टीम ने संपर्क कर उनका उपचार शुरू कराया। सीएचसी बागबाहरा के मिनीकेतन चौधरी एवं उनकी टीम ने नियमित मल्टी ड्रग थेरेपी (एमडीटी), आंखों की विशेष देखभाल, हाथों की सेल्फ-केयर प्रशिक्षण तथा निरंतर फॉलो-अप सुनिश्चित किया। नियमित दवा और स्वयं की देखभाल के कारण उनकी आंख पूरी तरह स्वस्थ हो गई तथा हाथ की विकृति में भी सुधार हुआ। अब वे बिना किसी भय के फिर से खेती-किसानी का कार्य कर रहे हैं।

उपचारित व्यक्ति ने बताया कि पहले मुझे लगता था कि कुष्ठ रोग का मतलब जिंदगी खत्म हो जाना है, लेकिन डॉक्टरों और सीएचसी बागबाहरा की टीम ने मुझे हिम्मत दी। आज मेरी आंख पूरी तरह ठीक है, हाथ भी सामान्य रूप से काम कर रहा है। मैं सभी से कहना चाहता हूं कि कुष्ठ रोग लाइलाज नहीं है, समय पर इलाज जरूर कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने कहा कि समय पर पहचान, सही उपचार और नियमित सेल्फ-केयर से कुष्ठ जनित विकलांगता को रोका जा सकता है। वहीं जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. वीपी सिंह ने लोगों से अपील की कि यदि शरीर पर सफेद या सुन्न चकत्ते, सुन्नपन अथवा पलक बंद न होने जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### हरिभूमि के पाठकों को गिफ्ट प्रदान किया

**महासमुंद।** जिले में 20 वर्ष से हरिभूमि अखबार के पाठक युवराज सिंह चंद्राकर एवं सरला सोनी को संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने गिफ्ट प्रदान किया। सरला सोनी ने कहा कि हरिभूमि अखबार महत्वपूर्ण समाचारों का प्रकाशन करता है।

### खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2026 के लिए डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए जिले के पात्र कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ शासन की अधिसूचनाओं के अनुसार उत्कृष्ट कृषि कार्य करने वाले किसानों को प्रदान किया जाता है।

## निर्णय : नगर पालिका परिषद बागबाहरा में हुई पीआईसी की बैठक, अनेक प्रस्तावों पर विचार

# बैठक में दो दर्जन से अधिक प्रस्तावों पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज >>| बागबाहरा

नगर के समग्र विकास और लोगों को मूलभूत सुविधाएं देने के लिए बुधवार को नगर पालिका परिषद की पीआईसी की अहम बैठक हुई। बैठक नपाध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल की अध्यक्षता में हुई। जनहित और बुनियादी ढांचे से जुड़े दो दर्जन से अधिक प्रस्तावों पर चर्चा हुई। सभी प्रस्ताव बिना विरोध पारित हुए। बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा हुई और करोड़ों के विकास कार्यों के निविदा दरों को स्वीकृति प्रदान की गई। नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने कहा कि शहर में विकास कार्य के लिए कोई कमी नहीं आनी चाहिए। शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। इसमें नागरिकों की हर सुविधा का ध्यान रखा गया है।

नगर पालिका के सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान दो दर्जन से अधिक कार्यों को निविदा दरों स्वीकृति प्रदान की गई है। चंदर मिर्धा सहायक ग्रेड-03 को सहायक ग्रेड-02 के पद पर पदोन्नति करने, राधेश्याम दीप सहायक राजस्व निरीक्षक को राजस्व उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति का निर्णय, वार्ड क्र. 01 से 15 वार्डो में अध्यक्ष निधि, पार्षद निधि, एल्डरमैन निधि, विधायक निधि एवं सांसद निधि डीएमएफ मद एवं अन्य निधि से निर्माण कार्य करने प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति, वार्ड क्र. 01 टाऊनहाल को 01 वर्ष के लिए ठेके पर देने हेतु प्राप्त दर की स्वीकृति, 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत वार्ड क्र. 01 में नया बस्ती से पुष्पेंद्र चंद्राकर के फार्म हाउस तक सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति, 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत वार्ड क्र. 02 में झलप चौक से यादव होटल तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य हेतु प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति, 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत वार्ड क्र. 05 में सामुदायिक भवन के सामने पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य हेतु प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति, 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत वार्ड क्र. 06 में बडा खान घर से ह्यूमन प्राईड स्कूल तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य हेतु प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति, 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत वार्ड क्र. 07 में लालपुर तालाब के पास पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य हेतु प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति, 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत वार्ड क्र. 11 में रंगमंच के पास, बलराम कुलदीप गली एवं गौतम सोनवानी गली में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य हेतु प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति, 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत वार्ड क्र. 15 में मण्डी तालाब के पास पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य हेतु प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति, सांसद निधी अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य बागबाहरा हेतु प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति, 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यो के संबंध में विचार, 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत पेयजल के कार्यो के संबंध में विचार, 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत अनटाईड फंड के कार्यो के संबंध में विचार, 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत विभिन्न वार्डो में चौंक सौंदर्यीकरण कार्य कराये जाने संबंध में विचार, वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्रीष्म ऋतु में पानी टेंकर किराया के देयक राशि भुगतान संबंध में विचार, वार्ड क्र. 11 में गौरा-चौरा मरम्मत कार्य कराये जाने संबंध में विचार, वार्ड क्र. 11 में दुर्गा मंच के पास शेड निर्माण कार्य कराये जाने संबंध में निर्णय, वार्ड क्र. 11 में शुलभ शौचालय से मेन नाली तक नाली मरम्मत कार्य कराये जाने संबंध में निर्णय, वार्ड क्र. 11 में हीरालाल चक्रधारी घर के पास नाली निर्माण कार्य कराये जाने संबंध निर्णय, वार्ड क्र. 10 डबरापारा में हैदरअली घर के पास पुलिया निर्माण कार्य कराये जाने के संबंध निर्णय, वार्ड क्र. 12-13 में राधाकृष्ण मंदिर के पास शेड निर्माण कार्य कराये जाने संबंध में निर्णय, वार्ड क्र. 02 सांस्कृतिक भवन में किचन शेड निर्माण एवं पेवर ब्लॉक कार्य कराये जाने संबंध में निर्णय, वार्ड क्र. 02 में पुष्पवाटिका से सांस्कृतिक भवन तक पेवर ब्लॉक कार्य कराये जाने संबंध में निर्णय, वार्ड क्र. 10 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य कराये जाने संबंध म् निर्णय, वार्ड क्र. 09 में डॉ. कर घर के पास स्थित मंदिर के पास रंगमंच निर्माण कार्य कराये जाने संबंध में निर्णय, वार्ड क्र. 02 में शांतिनगर शिशु मंदिर के पास नाला निर्माण कार्य कराये जाने संबंध में निर्णय, वार्ड क्र. 02 शांतिनगर में पुराना शिशु मंदिर के पास नाली निर्माण कार्य कराये जाने संबंध में निर्णय, वार्ड क्र. 02 शांतिनगर में नजमा खान घर के पास नाली निर्माण कार्य कराये जाने संबंध में निर्णय, वार्ड क्र. 02 व्यापारी तालाब में लच्छू घर के पास नाली निर्माण कार्य कराये जाने संबंध में निर्णय, वार्ड क्र. 08 गौरा-चौरा का जीर्णोद्धार कार्य कराये जाने संबंध में निर्णय, वार्ड क्र. 11 बाजारपारा में कमलेश बघेल घर से बलम सोनवानी घर तक पाईपलाईन विस्तारीकरण कार्य कराये जाने संबंध में निर्णय वार्ड क्र. 04 सामुदायिक भवन के पास पेवर ब्लॉक कार्य कराये जाने संबंध में निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल, उपाध्यक्ष देवेश साहू, सभापति गण शैलेश साहू, मंता यादव, मेनका साहू, मिथुन अमीर, रमेश ठाकुर, शिवा जगत , सीएमओ गिरीश चंद्रा, उपअभियंता दीपक अग्रवाल व लेखापाल चंद्र मिर्धा उपस्थित थे।




# आदेशिका वाहक छेदन लाल को दी गई भावभीनी विदाई



**महासमुंद।** जिला एवं सत्र न्यायालय महासमुंद के सभाकक्ष में 2 जुलाई को आदेशिका वाहक छेदन लाल वर्मा के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया, कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश प्रफुल्ल सोनवानी, प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी तथा सभी न्यायाधीशगण एवं न्यायिक अधिकारीगण की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में न्यायालय अधीक्षक प्रवीण कुमार पांडेय, लेखापाल प्रदीप देवांगन, कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष सहित न्यायालय के समस्त न्यायिक कर्मचारीगण एवं लघु वेतन कर्मचारीगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने छेदन लाल वर्मा के लगभग 35 वर्षों के समर्पित, ईमानदार एवं उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें विदाई दी गई। समारोह में उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# पेंशनर्स एसोसिएशन की हुई मासिक बैठक

**महासमुंद।** पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद की मासिक बैठक 1 जुलाई 2026 को बेमचा स्थित गायत्री मंदिर परिसर में आहूत की गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष रामकुमार साहू, सचिव शिवकुमार साहू, उपाध्यक्ष चंद्रबदन मिश्रा, गोवर्धन साहू, संगठन मंत्री चमनलाल साहू, भूषण भोसले, आईएम कुरैशी, वरिष्ठ सदस्य एलएन शर्मा, भगतराम साहू द्वारा सरस्वती माता का पूजन पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। प्रारंभ में गायत्री परिवार के भगतराम ने कबीर जयंती पर अपना उद्बोधन देते हुए कबीरदास एवं बाबा गोरखनाथ के प्रसंगों का उल्लेख किया। कार्यक्रम संचालक रामकुमार साहू ने संगठन के नए सदस्यों को मंच पर आमंत्रित किया। नए सदस्यों में गिरधर पांडे वित्त विभाग, लंकेश कुरील शिक्षा विभाग, भोजराज प्रधान पुलिस विभाग, सुशील शर्मा शिक्षा विभाग, दुर्गेश चंद्राकर स्वास्थ्य विभाग, केआर देवांगन शिक्षा विभाग, इंद्रजीत सिंह गौर बैंकिंग विभाग का स्वागत गुलाल लगाकर श्रीफल भेंटकर किया। सभी नए सदस्यों ने अपना परिचय देते हुए संक्षिप्त में संगठन के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। अपरांत संघ के कोषाध्यक्ष आईएम कुरैशी ने गत 12 अप्रैल को आयोजित विशाल पेंशनर सम्मेलन के आय-व्यय की विस्तृत जानकारी दी। इसी क्रम में पेंशनर्स एसोसिएशन का माह 03/2026 तक का आय-व्यय विवरण अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष रामकुमार साहू ने 05 जून 2026 को रायपुर में आयोजित प्रांतीय बैठक की बिंदुवार विस्तृत जानकारी देते हुए सभी सदस्यों से विभन्न मांगों को लेकर माह जुलाई में संभावित आंदोलन में सक्रियता से भाग लेने के लिए तैयार रहने की अपील की। प्रमुख रूप से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता राहत की मांग, बिलासपुर हाईकोर्ट के डिवीजन बैच द्वारा हजारों पेंशनभोगियों को छठवे और सातवें वेतन आयोग के तहत रोके गयए कुल 59 महीने के एरियर भुगतान निर्णय को लागू करने, वर्षों से लंबित पेंशन, पारिवारिक पेंशन, स्वत्वों के भुगतान, अनुकंपा नियुक्ति से वंचितों के हित की लड़ाई लड़ने जैसे मुद्दे शामिल है। संबोधन की कड़ी में वरिष्ठ सदस्य एलएन शर्मा ने कैशलेस चिकित्सा एवं एरियर्स भुगतान संबंधी विषयों कर विस्तार से चर्चा कर समीक्षात्मक जानकारी दी।



